श्री नरेन्द्र भगत, भा.प्र.से.(से.नि.), सभापति, कार्यकारिणी समिति की अध्यक्षता में रांची में दिनांक 11 जुलाई 2014 को आयोजित नेतरहाट विद्यालय समिति रांची, नेतरहाट नोबा इकाईयों के साथ हीरक जयन्ती समारोह 2014 से संबंधित समन्वय बैठक की कार्यवाही :

1. **उपस्थितिः संलग्न है।**
2. दिनांक 11 अप्रैल 2014 को सम्पन्न समन्वय बैठक में लिए गये निर्णयों की बिन्दुवार समीक्षा की गई तथा अद्यतन स्थिति निम्नवत् है :

2.1 बताया गया कि समारोह के मुख्य अतिथि के लिए महामहिम भारत के राष्ट्रपति को, विधिवत आमंत्रण पत्र मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग झारखण्ड ने विगत लगभग दो सप्ताह पूर्व उन्हें राष्ट्रपति भवन में व्यक्तिगत रूप से सौंप दिया है। राष्ट्रपति भवन से इस सम्बन्ध में उत्तर प्रतीक्षित है।

सदन की यह राय हुई कि समापन समारोह के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री ए.पी.जे. कलाम को अनुरोध पत्र भेजा जाय। इस हेतु सभापति को श्री कलाम के कार्यालय से सम्पर्क किये जाने हेतु अधिकृत किया गया। यह भी निर्णय हुआ कि त्रिदिवसीय समारोह के मध्य के कार्यक्रमों के लिए राज्य के गणमान्य महानुभावों (महामहिम राज्यपाल मुख्य मंत्री झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, मंत्री मानव संसाधन विकास विभाग, झारखंड सरकार आदि) को अनुरोध किया जाय।

2.2 पूर्व में निर्धारित सात दिवसीय समारोह (10-16 नवम्बर 2014) में किंचित संशोधन करते हुए छः दिवसीय रखे जाने का निर्णय लिया गया। प्रथम तीन दिन (10-12 नवम्बर 2014) विद्यालय प्रशासन विभिन्न प्रचलित गतिविधियों अंत्याक्षरी, वाद विवाद, खेलकूद, संस्कृति कार्यक्रम इत्यादि की रूप रेखा तैयार कर इनकी प्रतियोगितायें आयोजित करायेंगे। विजयी छात्रों/छात्रदल/आश्रम को उद्घाटन सत्र के दिन मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। बाद के तीन दिनों (13-16 नवम्बर 2014) के कार्यक्रमों की रूप रेखा समिति के स्तर पर कुछेक अन्तराल के उपरान्त निर्धारित की जा सकेगी।

2.3. बताया गया कि हीरक जयन्ती वर्ष से संबंधित स्मृति डाक टिकट (Commemorative Stamp) तथा स्मृति सिक्का (Commemorative Coin) से संबंधित प्रस्ताव क्रमशः केन्द्रीय संचार मंत्रालय तथा केन्द्रीय वित्त मंत्रालय को मई 2014 में समर्पित किये जा चुके हैं। उक्त मंत्रालयों के उत्तर प्रतीक्षित हैं।

2.4. समारोह के उद्घाटन सभा में प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले प्रतिवेदन में अन्य बातों के अतिरिक्त, इस आशय की एक सूची संकलित कर प्रस्तुत की जाय, जिनमें ऐसे पूर्ववर्ती छात्रों के अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना करते हुए अपने आपको एक विजेता/Achiever के रूप में स्थापित किया हो; तथा, इस प्रकार के दृष्टांत अन्य के लिए प्रेरणा के स्रोत हों ।

2.5. सदन का यह विचार था कि नेतरहाट विद्यालय मात्र एक द्वीप Island के रूप में विकसित न हो बल्कि उसकी परिधि में विद्यमान उसके आसपास के गांवों के उन्नयन में विद्यालय परिसर की सतत् दृष्टि बनी रहे। इस हेतु विद्यालय के शिक्षक तथा छात्र समय-समय पर आस-पास के गांवों का परिदर्शन करें, यथासंभव कुछ गांव अंगीगृत (Adopt) करें, तथा वहां जाकर ग्रामीणों को शिक्षा, चिकित्सा जैसे संसाधनो से उन्हें लाभान्वित करें। इसी प्रसंग में यह भी निर्णय हुआ कि विद्यालय के परिसर के एक भू-भाग पर पौधों की नर्सरी स्थापित किये जाने की योजना बनाई जाय। इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों को फलदार पौधों तथा आर्थिक महत्व के पौधो की

वितरण की व्यवस्था काल क्रम में प्रारम्भ की जाय। इस कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार किये जाने निमित पूर्ववर्ती छात्र डॉ० कौशल किशोर कुमार; कृषि वैज्ञानिक को समिति की ओर से प्रमुख परामर्शी तथा मुख्य समन्वयक नामित किये जाने का निर्णय लिया गया। विद्यालय कृषि शिक्षक, श्री रंजन कुमार सिंह के साथ इस प्रसंग में तारतम्य स्थापित करते हुए डॉ० कुमार को अधिकृत किया गया कि प्रथमतः आगामी अगस्त माह में नेतरहाट में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन हेतु अपना मार्गदर्शन तथा कार्यान्वयन की कारवाई करा देंगे; साथ ही पौधा नर्सरी की स्थापना की एक विस्तृत रूप रेखा भी तैयार कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

2.6 बताया गया कि हीरक जयन्ती समारोह के आमंत्रण पत्र प्राचार्य की ओर से विद्यालय तथा समिति के Website पर दे दिया गया है। अबतक 14-15 डेलीगेट्स के निबन्धन शुल्क निर्धारित बैंक खाते में प्राप्त हुए हैं। इस बिन्दु को स्पष्ट किया गया कि डेलीगेट्स के साथ आगत उनके पारिवारिक सदस्य का अलग से निबन्धन नहीं कराना है, बल्कि निबन्धन में इंगित किया जाना है कि उनके साथ अन्य कितने व्यक्ति होंगे।

उक्त निबंधन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई 2014 अत्यन्त समीप है अतः प्राचार्य पुनः एक स्मार पत्र इस संबंध में अपनी ओर से शीघ्र भेज दें।

2.7 सदन का यह निर्णय हुआ कि विद्यालय की 'सर्जना' पत्रिका का वार्षिक विशेषांक पूर्ववत विद्यालय परिवार द्वारा निर्गत हो। इसके अतिरिक्त एक हीरक जयन्ती स्मारिका के प्रकाशन का भी निर्णय लिया गया जिसका दायित्व रांची-नोबा को सुपुर्द किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि इस स्मारिक हेतु प्रमुख परामर्शी तथा समन्वयक के रूप में श्री मनीष रंजन,भा.प्र.से., विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र होंगे जिनके मार्गदर्शन में रांची नोबा-प्रकाशन की कार्रवाई करेंगे। इस प्रस्ताव की भी सहमति दी गई कि स्मारिका में प्रकाशनार्थ इस विषय पर भी एक आलेख हो कि **'आगामी 15 वर्षों-अर्थात् विद्यालय के प्लैटिनम जयन्ती वर्ष तक विद्यालय का क्या रूवरूप हो'।**

2.8 हीरक जयन्ती समारोह की स्मृति में कुछेक प्रतीक चिन्ह (Mementos) के लिए रांची स्थित स्थानीय एजेन्सी के साथ-साथ दिल्ली एवं अन्य जगहों पर इस प्रकार की एजेन्सियों से सम्पर्क करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त एक 'कॉफी टेबुल बुक' जिसमे 100-150 ऐसे फोटो हों जो विद्यालय की पुरानी स्मृतियों को सजीव करते हों, को उनके Caption के साथ तैयार किया जाय।

3. समारोह अवधि (10-15 नवम्बर 2014) के एक दिन पूर्व तथा एक दिन बाद की अवधि में, विशेषकर बाहर से आने वाले डेलीगेट्स के रांची-नेतरहाट-रांची की यात्रा, आवासन आदि की व्यवस्था के लिए रांची नोबा को समन्वयक की भूमिका निर्वहन किये जाने का निर्णय लिया गया।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

V Bhagat
16.7.2014
(नरेन्द्र भगत)
सभापति,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

नेतरहाट विद्यालय हीरक जयन्ती समारोह के समन्वय समिति की दिनांक 11.07.2014 को आहूत बैठक में उपस्थिति —

क्रम	नाम	पदनाम	हस्ताक्षर
1.	श्री नरेन्द्र भगत, भा.प्र.से.	सभापति कार्यकारिणी समिति, नें.वि.एं.	11.7.2014
2.	श्री कृष्णा स्वरूप कुलाड़	सदस्य, कार्यकारिणी समिति, नें.वि.एं.	
3.	श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा भा.प्र.से.	सदस्य, कार्यकारिणी समिति, नें.वि.एं.	11/7/2014
4.	श्री विमलांशु शेखर मल्लिक	पदेन सदस्य, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय संघ - सह-पदेन सचिव, नें.वि.एं.	Vimalanshu Mallick.
5.	श्री गिरीन्द्र नाथ सिंह	अध्यक्ष, नेतरहाट रांची.	
6.	श्री आनन्द कुमार रोहित	- पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट विद्यालय	
7.	[illegible]	- 2004-बी बैच, नेतरहाट विद्यालय	
8.	अमरेन्द्र कुमार सिन्हा	सदस्य, कार्यकारिणी समिति, नें.वि.एं.	
9.	आशुतोष चटर्जी	- प्रारम्भिक काल + पूर्ववर्ती छात्र	
10.	डा. अरविन्द कुमार	- पूर्ववर्ती छात्र. बैच (1965-71)	
11.	राकुल कुमार	- पूर्ववर्ती छात्र (1997-2001)	
12.	पीयूष कुमार	- पूर्ववर्ती छात्र (1998-2002)	
13.	निवि मेहता	- पूर्ववर्ती छात्र (1979-1984) Ranchi NOBA	
14.	शोभित मेहता	- पूर्ववर्ती छात्र (—) Ranchi NOBA.	
15.	Bindhyachal Pandey	ASCM. Master Residential School Netarhat (Bhandup)	
16.	अंजनी कुमार पाठक	सह-शिक्षक. आ0वि0. नें0	
17.	डा0 मनीष रंजन, भा.प्र.से.	पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट विद्यालय	
18.	प्रयाग दुबे,	पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट विद्यालय	11.7.14
19.	डा. कौशल किशोर कुमार	पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट विद्यालय	
20.			
21.			